हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 15 जून 2025

तापमान
अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

18 आषाढ़ लगने के बाद भी बारिश के आसार नहीं, अनमने मन से खेती में जुटे किसान



18 केंद्र के 11 साल में कराए गए कामों की उपलब्धियों को गिनाने हुई कार्यशाला







न्यू ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई
SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
हमारे यहां सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## नीट में प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट का छ.ग. में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने प्रदेश ही नहीं देश में अपना व संस्था का नाम रौशन किया है इस वर्ष पियूष शर्मा 607 अंक लाकर पूरे देश में (जनरल केटेगीर रैंक 968) अपनी एक अलग पहचान बनायी है। अनुराग चौधरी 598 अंक (AIR-1511) कैटेगीरी रैंक 479, मंदीप 590 अंक (AIR-2243) कैटेगीरी रैंक 164, अभिषेक सिंग 578 अंक (AIR-4342) कैटेगिरी रैंक 1653, श्वेता मंडावी 535 अंक कैटेगीरी रैंक 37 इसी तरह अनेक छात्रो ने अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। 500 से अधिक अंक 27 छात्रों ने लाया है और 95 से अधिक छात्रों ने NEET क्वालीफाई किया है सभी छात्रो ने अपनी कड़ी मेहनत संस्था के शिक्षकगणो के मार्गदर्शन, टेस्ट सीरिज व स्टडी मटेरियल को सफलता का सूत्र बताया है।


पियूष शर्मा 607


अनुराग चौधरी 598


मंदीप 590

संस्था के डायरेक्टर सभी सफल छात्रो को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट ऐसा इकलौता संस्था है जहाँ SSP भी चलाया जाता है जिसमें चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारण्टी देता है, वो भी लिखित दस्तावेज के साथ।

अन्तिम SSP बैच 18 जून से प्रारंभ हो रही हो जिसका नामांकन प्रकिया प्रारंभ है। छात्र-छात्राओं के रहने के लिए अलग-अलग हॉस्टल व मेंस की सुविधा है।

इच्छुक छात्र मो.नं. 8319571812, 7880168887 में सम्पर्क कर सकते है। यह संस्था शॉप नं. 178 न्यू सिविक सेन्टर भिलाई में स्थित है।

ADVT.

वालकिंस स्किन क्लिनिक
Valkin's Healthcare
USFDA स्वीकृत अत्याधुनिक उपचार
CYST REMOVAL
परामर्श सिर्फ 199/-

डॉ. सुकृति अरोरा
एम.डी. गोल्ड मेडलिस्ट
पद्मनाभपुर, दुर्ग
7880090220

### प्रदेश में 35 हजार से ज्यादा छात्रों ने दी थी परीक्षा, 720 में 618 अंक पाकर पहला स्थान प्राप्त किया

# नीट में भिलाई से दर्शित जैन स्टेट टॉपर हफ्ते में 30 घंटे पढ़ाई से मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई-दुर्ग में नीट के प्रति छात्रों का रुझान बढ़ रहा है। पिछले पांच साल में छत्तीसगढ़ से नीट देने वालों की संख्या 17854 से बढ़ी है। वर्ष 2020 में प्रदेश के 31027 छात्रों ने नीट के लिए रजिस्ट्रेशन किया था। इनमें से 26030 परीक्षा में शामिल हुए थे। इसी तरह साल 2022 में 35636 छात्रों में से 33443 परीक्षा में शामिल रहे। वहीं 2023 में 42130 छात्रों ने नीट यूजी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें से 41196 ने परीक्षा दी। इस बार भी 35 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक प्रदेश में 2025 में 22,261 पास हुए हैं।

#### दर्शित के माता-पिता और दादा तीनों डॉक्टर



नीट-यूजी के परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए हैं। इस बार छत्तीसगढ़ से टॉपर आर्य नगर दुर्ग के दर्शित जैन रहे हैं। उन्होंने 720 में 618 अंक अर्जित किए। उनके 99.97 पर्सेन्टाइल आए। उनकी ओवर ऑल रैंकिंग 524 रही। हरिभूमि से विशेष बातचीत में उन्होंने बताया कि यह उनका फर्स्ट अटेम था। दृढ़ इच्छाशक्ति और एकाग्रता के दम पर उन्होंने यह सफलता अर्जित की। उन्होंने एक लक्ष्य बनाकर पढ़ाई की। उन्होंने हफ्ते में 30 घंटे तक पढ़ाई का लक्ष्य रखा। क्योंकि हर दिन बनाने वाला टार्गेट किसी न किसी वजह से मिस हो रहा था। इसलिए हफ्ते के हिसाब से प्लानिंग की। सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी। बाकी समय दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताया। मनोरंजन के अन्य साधनों का उपयोग किया। दर्शित के पिता डॉ. प्रवीण जैन शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक हैं। उनकी मां डॉ. शिल्पा जैन और दादा डॉ. मूलचंद जैन भी पेशे से चिकित्सक हैं। डीपीएस के छात्र रहे दर्शित ने अपनी पढ़ाई एपेक्स सिविक सेंटर भिलाई से की। भिलाई से 7 अन्य स्टूडेंट्स ने भी स्टेट टॉपर में जगह बनाई है। एजुकेशन विशेषज्ञों की मानें तो दर्शित स्टेट टॉपर हैं। छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा अंक उन्होंने ही अर्जित की है।

#### रायपुर से भिलाई आकर की पढ़ाई, मिली सफलता



रायपुर के रहने वाले खुशहाल धमेजा ने पहले भिलाई में आकर श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडको में आकर 12वीं की पढ़ाई की। इसके बाद नीट की तैयारी शुरू की। भिलाई में रहकर उसने एपेक्स कोचिंग सेंटर में एडमिशन लिया। हर दिन घर पर रहकर 4 से 5 घंटे की पढ़ाई की। खुशहाल ने हरिभूमि को बताया कि उसका पहले से ही सपना था कि वह डॉक्टर बने। इसके लिए उसने 9वीं से ही तैयारी शुरू कर दी थी। पीसीबी और पीई लेकर उसने 12वीं तक की पढ़ाई की। इसके बाद ब्रेक लेकर नीट एग्जाम दिया। पहली बार में ही उसने 606 अंक अर्जित किए। उसकी 1009 रैंक आई है। उसकी सफलता में उसकी मां गीता कृष्णानी और मौसी डॉ. रतना खालसा का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। नाना डॉ. एचएस कृष्णानी ने भी हर समय मेरा उत्साहवर्धन किया।

#### सरकारी कॉलेजों में 480 अंक को मौका

एपेक्स के संचालक आशुतोष माहेश्वरी ने बताया कि नीट का रिजल्ट बेहतर रहा है। एजुकेशन हब भिलाई के स्टूडेंट्स ने हर बार की तरह इस बार भी छत्तीसगढ़ स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है।


आशुतोष माहेश्वरी

स्टेट टॉपर दर्शित दुर्ग से हैं। इसके अलावा करीब 7 टॉपर्स हमारे यहां से हैं। भिलाई-दुर्ग से 2 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए थे। पूरे प्रदेश से 35000 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। पिछले बार कटऑफ मार्क्स 595 के करीब रहा। इस बार सरकारी कॉलेज में 480 नंबर या इससे ज्यादा अंक पाने वालों को एडमिशन मिलने की पूरी संभावना है। ओबीसी में 5 प्रतिशत तक कम अंक वाले भी एडमिशन पा सकेंगे। भिलाई में नीट की तैयारी पहले से बेहतर हुई है। इसके लिए पालकों की रूचि, स्टूडेंट्स की एकाग्रता महत्वपूर्ण है। स्टूडेंट्स अपने गोल को लेकर ज्यादा सक्रिय हैं। इसके अलावा भिलाई में पढ़ाई का एक अलग माहौल तैयार हो गया है। इस वजह से बच्चे बेहतर कर पा रहे हैं।

#### सीमोन ने 602 अंक अर्जित कर टॉपर में बनाई जगह



टॉपर्स में सीमोन बगारिया ने भी जगह बनाई है। उसने 720 में 602 अंक अर्जित किए। उनके अलावा ओजस्वी जैन ने 596 और निशांत भट्ट ने 568 अंक अर्जित किए। इस प्रकार भिलाई से करीब 7 लोगों ने छत्तीसगढ़ के टॉप-10 में जगह बनाई है। बता दें कि 4 मई को नीट एग्जाम हुआ था। देशभर के 5 हजार से ज्यादा सेंटर में परीक्षा हुई। भिलाई-दुर्ग से करीब 2 हजार छात्रों ने इसमें भाग लिया।

## ई रिक्शा की ठोकर से बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



घर के सामने खेल रहे मासूम ढाई वर्षीय बालक को ई रक्शिा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलते हुए चपेट में लिया है। गहरनबमे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ अपराध कायम किया है। मोहन नगर पुलिस के मुताबिक बॉम्बे आवास आईएचएसडीपी कालोनी निवासी खुशांत दास मानिकपुर अपने घर के सामने खेल रहा था।। तभी तेज रफ्तार से आ रहे ई-रक्शिा चालक ने उसे चपेट में लिया। हादसे में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके प्राइवेट पार्ट से रक्तस्राव काफी अधिक हो रहा था। परिजनों ने बालक को तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल दुर्ग पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। ई-रिक्शा चालक का शिनाख्त अजय विश्वकर्मा के रूप में हुई है। घटना के बाद से फरार है। मोहन नगर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जानकारी जुटाने लगी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ की जा रही है। ताकी हादसे के सही कारणों का खुलासा हो सके।

### खबर संक्षेप

#### मोबाइल लूटपाट करने वाले धरे गए

भिलाई। मोबाइल लूटपाट करने वाले दो युवक और दो अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309(4), 296, 351(2), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि भिलाई नगर, नगर, नेवई, छावनी, जामुल, भिलाई 3 क्षेत्र में बाइक सवार युवक राहगीरों के साथ डरा धमकाकर मारपीट कर मोबाइल लूटपाट करते थे। पुलिस में शिकायत के बाद लूट के मोबाइल को लेकर बेचने की फिराक में संदिग्ध युवक ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर लेबर केम्प जामुल निवासी टिकेश्वर साहु,चंदन पारा जामुल अनिल दुर्गा, दो अपचारी बालको को पकड़ा गया है।

#### सूर्या मॉल के स्पा सेंटर में पुलिस की दबिश

भिलाई। सूर्यामॉल में स्थित स्पा सेंटरों पर पुलिस की टीम ने दबिश दिया है। पुलिस को देख लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। खबर लिखे जाने तक किसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। जानकारी नहीं मिल पाई है। मिली जानकारी के मुताबिक स्मृति नगर पुलिस और एएसपी पद्मश्री तंवर की टीम स्पा सेंटर शनिवार की रात पहुंची। जहां स्पा सेंटर में पहुंचे जब तक पुलिस की कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती। तब तक कोई भी अंदर से बाहर नहीं आएगा। रजिस्टर भी खंगाले जा रहे है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## सेक्सटॉर्सन मामले में युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



सेक्सटार्सन मामले में एक युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दी। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंचें परिजनों ने शव का शिनाख्त किया। परिजनों ने घटना की शिकायत वैशाली नगर पुलिस से की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक शांति नगर सड़क 1 निवासी हरविंदर सिंग उर्फ सन्नी अपने घर से शुक्रवार की सुबह 6 बजे गुरुद्वारा जाने के लिए बाइक से निकला था। देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजन परेशान होकर खोजबीन करने में लग गए। युवक अपने घर पर पर्स और मोबाइल को छोड़कर सिर्फ बाइक लेकर निकला था। परिजनों को पता चला कि ट्रेन से कटकर युवक की मौत हुई है। परेशान परिजन जब शव को देखने पहुंचे तब उसे देख हरविंदर के रुप में शिनाख्त किया। परिजनों के मुताबिक हरविंदर काफी सीधा साधा युवक था उसे सेक्सटार्सन मामले में फंसाकर वीडियों वायरल कर रुपए का डिमांड कर ब्लैकमेल किया जा रहा था। परेशान हरविंदर ने कुछ रुपए का इंतजाम कर अज्ञात के खाते में ट्रांसफर भी पहली किस्त किया था। लेकिन इसके बाद भी हरविंदर को अज्ञात द्वारा फोन पर वीडियों वायरल की धमकी लगातार दी जा रही थी। उससे परेशान होकर प्रियदर्शनी परिसर सुपेला अंडर ब्रिज के पास अपनी बाइक को रख कर डाउन लाइन से आ रहे बीकेनेर एक्सप्रेस के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।

## फैक्ट्री से जंबो बैग गिरा, श्रमिक महिला की मौत, दो गंभीर



भिलाई। मिनरल एंड केमिकल फैक्ट्री का भारी भरकम बोरा गिरने से एक महिला और दो व्यक्ति चपेट में आए है। घटना में महिला की मौत हो गई। वहीं दो अन्य गंभीर रुप से घायल है। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक अग्रवाल मिनिरल एंड केमिकल फैक्ट्री जामुल की है। जहां शनिवार को जंबो बैग गिरने से महिला श्रमिक व दो पुरुष के ऊपर जंबो बैग गिर गया। फैक्ट्री के हादसे में 58 वर्षीय जयंती साहू की मौत हो गई। वहीं जानकी यादव, पेमिन सिन्हा गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को तुरंत उपचार के लिए सुपेला स्थित निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। घटना की खबर लगते ही परिजन अस्पताल पहुंचे उनका रो-रोकर बुरा हाल था। बताया गया कि जयंती साहू विधवा थीं, उसके घर पर उनके बच्चे हैं। बच्चों का भरण पोषण की जम्मेदारी जयंती करती थी।

#### मोबाइल दुकान से 4 लाख का सामान पार

भिलाई। मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने महंगे मोबाइल को पार कर दिया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि सुनील टेंभरे का खुड़मुडा मोड पर मोबाइल दुकान है। 11 जून की रात दुकान बंद कर घर चला गया। दूसरे दिन सुबह 6 बजे खुड़मुड़ा मोड निवासी दुर्गेश चक्रधारी फोन कर बताया कि दुकान का ताला टुटा हुआ है। संचालक सुनील टेंबरे तत्काल अपना दुकान पहुंचा। ताला टुटा पड़ा मिला दुकान से अज्ञात ने आईफोन 11 प्रो, एक आईफोन 11 समेत 45 हजार रुपए के विभिन्न कंपनियों का मोबाइल गायब मिला। 4 लाख का समान पार हो गया।

GET READY FOR 2025 ADMISSIONS
BCA | BBA | M.A ENGLISH
B.A | B.Com | M.Com
B.Lib | DCA | M.Sc CHEMISTRY
M.Lib | PGDCA | M.Sc BIOTECHNOLOGY
B.Sc Biotechnology Microbiology Biology Computer Sc. Maths | M.Sc BOTANY | M.Sc COMPUTER Sc
M.Sc ZOOLOGY | M.Sc MATHS
Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg
SUNDAY OPEN
SAI COLLEGE
Street-69, Sector-6, Bhilai
70248 86996, 99770 01027
Deepak Advts.

### ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग का संयुक्त कैंप

## आठ स्कूली बसों में मिली खामियां, 167 की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग दुर्ग के जांच में शहर के आठ स्कूली बसों में खामियां पाई गई। स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था बसों में बेहतर हो। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन के मुताबिक स्कूली बसों की जांच शिविर का आयोजन किया गया था। ट्रैफिक एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि पहले चरण में 16 शैक्षणिक संस्थान के 167 स्कूल बसो की जांच की गई। जिसमें 8 बसो में खामियां मिली है। इन बसों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई भी की गई। अन्य बचे स्कूली बसों का चेक आने वाले दिनों में किया जाएगा। यह शिविर पुलिस ग्राउंड सेक्टर 6 भिलाई में आयोजन किया गया। स्कूली बसों के जांच शिविर का उदेश्य स्कूली छात्र-छात्राओं का सुरक्षित परिवहन से है। शिविर में पहले वाहनों का रजिस्ट्रेशन किया उसके बाद परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसो के दस्तावेजो की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन का रजिस्ट्रेशन, परमिट, फिटनेश, बीमा, पीयूसी, रोड टैक्स, वाहन चालक का लायसेंस चेक किया गया। इसके बाद वाहनो का मैकनिकल फिटनेश जांच भी की गई। जिसके अंतर्गत हेड लाईट, ब्रेक लाईट, पार्किग लाईट, इन्डिकेटर लाईट, बैक लाईट, मीटर, स्टेरिंग की स्थिति, टायर की स्थिति, क्लच आदि चेक किया।



#### 91 बस चालकों का आंख कमजोर, अन्य खामियां मिली

चेंकिग में सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन के मापदण्ड को फालो किया गया। चालक परिचालक के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें आंखो का चेक कर 91 चालको को आंख से जुड़ी बीमारी होने से चश्मा लगाने की सलाह दी गई। वाहनों में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गर्वनर, प्रेशर हार्न, आपातकालीन खिड़की, स्कूल का नाम, टेलीफोन नंबर, चालक का मोबाईल नंबर, फर्स्ट ऐड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र, स्कूल बस के आगे पीछे स्कूल बस लिखा है की नहीं चेक किया गया। जांच के दौरान परिवाहन विभाग द्वारा बिना वाईपर 2, फिटनेश 1, लायसेंस 4, हेड लाईट 1 कुल 8 स्कूली बसो पर चालान करते हुए 9000 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया।


DRSK EDUCATION CONSULTANCY MBBS ABROAD
MBBS ADMISSION
OPEN FOR 2025
RUSSIA
DETAILS
• Govt Collage
• Affordable fees
• Study in english
• Top MCI rating university
• Provide library, study room
Offer
* Drsk education लाया है न्यू ऑफर लिमिटेड समय के लिए। अभी रजिस्ट्रेशन करने पर एक टैब स्टडी करने के लिए बिल्कुल फ्री
Shastri Market Vijeta Complex Shop No. 33, Raipur
Call For Registration - +917999844972, 9301233123


दुर्ग शहर के लोकप्रिय लाडले विधायक
मा. श्री गजेन्द्र यादव जी
15 जून
को
जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनायें
प्रकाश सांखला
प्रदेश उपाध्यक्ष - केट व्यापारी संगठन
अध्यक्ष - सराफा एसोसिएशन, दुर्ग
GJ Advertisers 9179009179

## जवाब : हाईकोर्ट में अवमानना की याचिका पर दी जानकारी

# बजट में न्याय योजना शामिल नहीं इसलिए अटकी रही न्याय की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वर्ष 2022-23 में राजीव गांधी न्याय योजना की आखिरी किस्त किसानों को भुगतान नही किए जाने के मामले में राज्य शासन ने जवाब दिया है। जिसमें कहा गया है कि, पूर्ववर्तिय सरकार के इस योजना को फिलहाल बंद नही किया गया है। अंतिम किस्त जारी नही होने का कारण राज्य शासन के कृषि मंत्रालय के सचिव ने बताया है। जिसमे उन्होने कहा है वर्ष 2025-26 में अंतिम किस्त के लिए बजट में प्रावधान नही किया गया है।

जानकारी अनुसार प्रगतिशील किसान संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता दुर्ग कसारीडीह निवासी द्वारा राज्य शासन को पत्र लिखकर राजीव गांधी न्याय योजना की अंतिम किस्त जारी नही किए जाने की जानकारी चाही गई थी। जिसके बाद उन्हे हाईकोर्ट की शरण लेनी पडी। जिसमें उन्होने प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद वर्ष 2022-23 की आदान सहायता राशि की चौथी किस्त किसानों को जारी नही की गई। उन्होने यह भी लिखा था कि, वर्तमान में योजना समाप्त किए जाने का फैसला नही लिया गया है, ऐसी स्थिति में वर्तमान शासन का किस्त जारी करने का दायित्व बनता है। यही नहीं वर्ष 2022-23 में जहां एक किस्त शेष है, वही योजना वर्ष 2023-24 में जारी रहा। न्याय योजना में धान के अलावा अन्य फसलों में भी आदान राशि दी जाती थी।

### 6 मई 2025 को कोर्ट ने जवाब देने कहा

**यथावत योजना जारी रखने की मांग :** आवेदक ने आदान राशि का भुगतान करने और योजना को जारी रखने की मांग की है। ताकि धान के आलावा अन्य फसल के उत्पादक किसानों को प्रति एकड नौ हजार रूपए मिल सके। 2020-21 में प्रारंभ की गई। आदान सहायता राशि का भुगतान सितम्बर 2023 तक सभी वर्ग के कृषकों को किया गया। उक्त अवधि के उपरात राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत किसी भी कृषक को आदान सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

**कृषि मंत्रालय का जवाब :** जवाब में कहा गया है योजना को वित्तीय प्रावधान विधायिका द्वारा पारित किया जाता है। राज्य में दिसम्बर 2023 से नई सरकार का गठन हुआ है। राज्य की विधायिका द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के पारित बजट में राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत बजट प्रावधान शून्य था। राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत वर्तमान में बजट का प्रावधान नहीं है। मुख्य सचिव कृषि मंत्रालय शहला निगार ने आदेश जारी किया है।

### भेदभाव का केस



भारत के संविधान आर्टिकल 14 और 15 में किसी के भी साथ भेदभाव नही किए जाने का उल्लेख है। लेकिन योजना के आड में किसानों से भेदभाव हुआ है। इस मसले को लेकर कोर्ट में फिर से केश दायर की जाएगी। **-राजकुमार गुप्ता,** अध्यक्ष प्रगतिशील किसान संगठन

# शौचालय में गड़बड़ी की जनपद सीईओ से शिकायत, घेरा जनपद

■ सचिव के ख़िलाफ़ कार्यवाही की माँग

**दुर्ग।** ग्राम सिरसाखुर्द में 21 लाख 84 हज़ार के सरपंच सचिव के ख़िलाफ़ कार्यवाही की माँग को लेकर ओम प्रकाश साहू के नेतृत्व में लगभग 2 दर्जन ग्रामीणों व युवा मोर्चा कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता के साथ गुरदीप सिंह भाटिया जनपद पहुंचे। जहाँ उन्हें मेन गेट पर पुलिस द्वारा रोक दिया गया। जनपद सीईओ पांडे ने आंदोलनकारियों से कहा, प्रकरण कोर्ट में है। इसलिए वह कोई जवाब देने बाध्य नहीं है। उन्होंने कहा आपने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है तो वहीं से जवाब लीजिए। मैं अपना जवाब हाई कोर्ट में दूँगा। उन्होंने कहा शौचालय निर्माण में कोई अनियमितता नहीं हुई ना ही कोई राशि अतिरिक्त नाम वाले व्यक्ति के खाते में गई। आंदोलनकारियों ने कागज दिखाया जिसे मानने से सीईओ ने इनकार कर दिया व सीधे हाईकोर्ट बिलासपुर में अपना जवाब दे दूँगा कह कर अंदर चलते बने। बता दें छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 18 अक्तूबर 2024 को कलेक्टर, जिला जनपद सीईओ सहित अन्य को नोटिस भेजा था। जिसका जवाब 8 महीने बाद भी सीईओ जनपद रुपेश पांडे द्वारा नहीं दिया जा सका है। जिससे नाराज ग्रामीणों ने जनदर्शन में शिकायत व जनपद घेराव का ज्ञापन दिया था, जिसके बाद आज जनपद का घेराव किया गया। ग्रामीणों ने एक शौचालय में दो हितग्राहियो के नाम का फ़ोटो दिखाते रहे पर सीईओ पांडे ने अनदेखा कर दिया। आंदोलनकारियों में ओम प्रकाश साहू, भुनेश्वर कुंभकार आदि शामिल हैं।









## लाइव इवेंट

### अभियानः हर हाथ में हुनर, हर घर में समृद्धि, जब नारी बने स्वावलंबी



**भिलाई।** वृंदानगर स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण विषय पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वार्ड की लगभग 300 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी दी। हर महिला बने आत्मनिर्भर, हर घर बने सशक्त थीम पर यह कार्यक्रम हुआ। महिलाओं को घरेलू उद्योग, स्वरोजगार, प्रशिक्षण, और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जब एक महिला आत्मनिर्भर बनती है, तो उसका पूरा परिवार और समाज मजबूत होता है।

प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे ने उपस्थित महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया। स्वदेशी तथा स्वावलंबन के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि यदि हमें भारत को आत्मनिर्भर बनाना है, तो उसकी नींव महिलाओं की आत्मनिर्भरता पर ही टिकेगी। हमें गांव-शहर की हर महिला को हुनरमंद, आत्मविश्वासी और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना होगा। आज सरकार हर कदम पर मदद को तैयार है, जरूरत है केवल हिम्मत और पहल करने की। उन्होंने बताया कि अभियान के अगले चरण में महिलाओं को लघु उद्योगों के लिए तकनीकी व विपणन सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजन की सफलता में आयुक्त राजीव पाण्डेय, जिला उद्योग के अधिकारी एसके प्रजापति, चैंबर पदाधिकारी अजय भसीन का मार्गदर्शन रहा।

## सिटी इवेंट

### दवाई दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के अनिवार्यता पर सीसीडीए ने जताया विरोध



वछत्तीसगढ़ केमिस्ट्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ने प्रदेशभर की रिटेल मेडिकल दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की अनिवार्यता पर विरोध जताया है। इसे लेकर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा राज्य औषधि नियंत्रक दीपक अग्रवाल से मुलाकात की। हालिया आदेश को मेडिकल दुकानदारों के हित में वापस लेने की मांग की गई। छत्तीसगढ़ केमिस्ट्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिरोठिया व महासचिव अविनाश अग्रवाल ने कहा कि संगठन शासन की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मंशा का सम्मान करता है, लेकिन कई छोटे व्यापारी आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं हैं कि वे अचानक सीसीटीवी कैमरे लगाने का खर्च उठा सकें। प्रतिनिधियों ने बताया कि जो दुकानदार सक्षम हैं, उन्होंने पहले ही कैमरे लगा दिए हैं, लेकिन बाकी व्यापारियों पर इस आदेश को लागू करना अव्यवहारिक है। छत्तीसगढ़ केमिस्ट्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (सीसीडीए) ने आग्रह किया कि आदेश को लचीले तरीके से लागू किया जाए और जिन दुकानदारों की आर्थिक स्थिति कमजोर है, उन्हें परेशान न किया जाए। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि वे छोटे व्यापारियों की स्थिति को समझते हुए उचित राहत या चरणबद्ध क्रियान्वयन का रास्ता अपनाएं। सीसीडीए प्रतिनिधिमंडल के मांगो को राज्य औषधि नियंत्रक दीपक अग्रवाल ने गंभीरता से सुना और स्पष्ट किया कि विभाग केवल शासन के निर्देशों का पालन कर रहा है और किसी पर भी जबरदस्ती नहीं की जाएगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई दवा दुकान अनैतिक या अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाई जाती है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही श्री अग्रवाल ने विशेष रूप से यह भी निर्देश दिया कि सभी मेडिकल दुकानों को साइकोट्रॉपिक (मनोदैहिक) और नारकोटिक (नशीली) दवाओं का सही रिकॉर्ड रखना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इन दवाओं का दुरुपयोग एक गंभीर अपराध है और एनडीपीएस एक्ट (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट) के अंतर्गत कड़ा दंड निर्धारित है। सीसीडीए के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिरोठिया, महासचिव अविनाश अग्रवाल, विनोद चंद्राकर, देवव्रत गौतम, नरेश अग्रवाल के अलावा अन्य पदाधिकारी व जिला स्तरीय प्रतिनिधि शामिल रहे।

■ राज्य औषधि नियंत्रक से मुलाकात कर सीसीडीए ने निर्णय वापस लेने उठाई आवाज

### सेक्टर-9 हॉस्पिटल को मिले मेडिकल कॉलेज का दर्जा, फिर उठी मांग

**भिलाई।** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा अनुसंधान केंद्र को मेडिकल कॉलेज का दर्जा दिए जाने की मांग एक बार फिर उठने लगी है। स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ने भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा एवं अनुसंधान केंद्र को मेडिकल कॉलेज मान्यता देकर छत्तीसगढ़ की शैक्षिक स्वास्थ्य सेवाओं में मदद की अपील करते हुए चिकित्सा संस्थान के विशेषज्ञ डॉक्टरों के वेतन एम्स के समतुला या करने की मांग केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री केंद्रीय इस्पात मंत्री भारत शासन केंद्र के विभिन्न समितियां के सदस्य एवं दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल सहित छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पत्र लिखकर चेंबर अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने की है। ज्ञानचंद जैन ने कहा कि सर्व सुविधायुक्त अस्पताल होने के बाद भी स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निजी चिकित्सा संस्थानों में जाने मजबूर होना पड़ता है। भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी एवं अधिकारियों को अन्य राज्यों के अस्पतालों में भिलाई इस्पात सेंटर रेफर करता है, जिस पर लाखों रुपए की राशि खर्च की जाती है।

● आईजी, एसएसपी ने भी कराई बीपी-शुगर की जांच गौतम, आंखों की रौशनी को भी परखा

# जवानों के मेगा हेल्थ कैम्प में पहुंचे डीजीपी अरुण देव गौतम कहा- छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करना हमारा बड़ा लक्ष्य

**पुलिस विभाग के जवानों और उनके परिवार के सदस्यों के हेल्थ चेकअप के लिए शनिवार को सेक्टर 6 स्थित अग्रसेन भवन में मेगा मेडिकल कैंप लगाया गया। इस कैम्प में डीजीपी अरुण देव गौतम, आईजी रामगोपाल गर्ग, एसएसएपी विजय अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस दौरान सभी प्रमुख अधिकारियों ने भी हेल्थ चेकअप कराया। बीपी, शुगर की जांच के अलावा आंखों की रौशनी को भी परखा।**

गौतम ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि हमारी लड़ाई नक्सलियों से नहीं, असामान्यता से है। अगर कोई बंदूक लेकर समाज को डराता है, तो सामान्य पुलिसिंग का हिस्सा है, हम उसे पकड़ें। 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करना हमारा लक्ष्य है। इस दिशा में कार्य जारी है। दुर्ग में आयोजित यह मेगा मेडिकल और डॉक्यूमेंटेशन कैंप न केवल स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश लेकर आया, बल्कि यह दिखाता है कि पुलिस विभाग अब अपने मानव संसाधन की भलाई को भी प्राथमिकता दे रहा है।

डीजीपी गौतम ने कहा कि ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित होते रहें, तो पुलिस बल की कार्य कुशलता, मानसिक संतुलन में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। कैंप का आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि पुलिस कर्मियों की ड्यूटी इतनी व्यस्त होती है कि वे अपने या अपने परिवार के स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। जिसके कारण कई बीमारियां समय पर डायग्नोज नहीं हो पाती। यह मेगा मेडिकल कैंप एक सराहनीय पहल है, जिससे गंभीर बीमारियों की शुरुआती पहचान संभव होगी और समय पर इलाज मिल सकेगा। कार्यक्रम में आईपीएस राजेश कुकरेजा, एएसपी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, सीएसपी हरिश पाटिल, समेत डॉ सुधीर गांगेय, डॉ सावंत आदि भी मौजूद थे। शिविर केवल स्वास्थ्य जांच के लिए नहीं, बल्कि डॉक्यूमेटेंशन सेवाओं के लिए भी खास रहा। कैंप में पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों ने बढ़-चढ़कर हस्सिा लिया है। कैंप में आई, डेंटल, जनरल हेल्थ चेकअप की सुविधा थी। वहीं 16 अलग-अलग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने परामर्श दिया। शिविर में विशेष बात यह थी कि आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, हाई सक्योरिटी नंबर प्लेट,लर्निंग लाइसेंस जैसी सेवाएं भी एक ही छत के नीचे



### 1257 पुलिस कर्मियों ने कराई जांच, 30 विशेषज्ञों ने दी सेवाएं

दुर्ग-भिलाई के 30 विशेषज्ञों की टीम ने अपना-अपना परामर्श दिया। 90 वर्षीय सेवानिवृत्त उप निरीक्षक राम श्रृंगार उपाध्याय के प्रथम ओपीडी रजिस्ट्रेशन से कैम्प की शुरुआत हुई। कैम्प में 1257 पुलिस, सशस्त्र बल, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी, कर्म. पुलिस परिवार के सदस्यों ने लाभ उठाया। उपचार के बाद मरीजो को निःशुल्क दवाईयां, चश्मा का वितरण हुआ। कैंप सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चला। मेगा मेडिकल केम्प में मंच का संचालन एएसपी सुखनंदन राठौरव अभिषेक झा ने किया। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी संघ के सदस्यों, आईएमए के डाक्टरों, डॉ. सुधीर गांगेय का दुर्ग पुलिस परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया। मेडिकल केम्प में आईजी रामगोपाल गर्ग, एसएसपी विजय अग्रवाल, ने भी अपना चिकित्सा परीक्षण कराया गया।






### पुलिस विभाग के इस कैम्प में इन डॉक्टर्स ने दी सेवा

मेडिकल केम्प में 16 विशेषज्ञ और उनकी टीम में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. सुधीर गागेय, डॉ. लीजो डेनियल, डॉ. ट्विंकल चंद्राकर छाती, श्वांस रोग विशेषज्ञ डॉ. तिलेश खुसरो, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सिदार्थ पतनवार, डॉ. ए.पी. सावंत, डॉ. आशीष जैन, डॉ. रिचा गुप्ता, मूत्र एवं किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. तरूण ध्रुव, डॉ शिवेन्द्र तिवारी, डॉ. सुनील चौधरी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलम जैन, डॉ. मोनी दीपा शा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक वर्मा, डॉ. दीपक शर्मा हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शुलभ चंद्राकर, डॉ. रश्मि शर्मा, शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ, डॉ. जोगेश चंद्रा, डॉ. नीरज भुसखरे, नेत्र डॉ. हनीश शर्मा, डॉ. कीर्ति भाटिया, डॉ. अभिराज तिवारी, डॉ. अनुपमा जोशी, डॉ. श्रेणिक नाहटा, डॉ. कर्णिका यादव, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. पुराकेस सक्सेना, न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. आदर्श त्रिवेदी, डॉ. विवेक शर्मा, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. रिद्धि अरोरा आदि शामिल थे। मुख्य रूप से लाईफ केयर रिसर्च सेंटर के मनीष पारख, रुंगटा ग्रुप संजय रूंगटा, अंतर्राष्ट्रीय महावीर इंटरकॉन्टीनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन महासचिव वीर लोकेश कावडिया, स्पर्श हॉस्पिटल से डॉ. संजय गोयल मौजूद थे।

## कबीर एक संत ही नहीं समाज सुधारक और युग प्रवर्तक भी थे : ललित चंद्राकर

**भिलाई।** संत कबीर साहेब की जयंती समारोह में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि संत कबीर केवल एक महान आध्यात्मिक संत ही नहीं थे, बल्कि समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक भी थे। अपने अमूल्य दोहों के माध्यम से उन्होंने समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। चंद्राकर ने कहा कि संत कबीर साहेब के विचारों ने न केवल भारतवर्ष, बल्कि पूरी दुनिया को प्रेरित किया है। सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, परोपकार और सामाजिक समरसता का उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। छत्तीसगढ़ की धरती पर भी उनके विचारों की अलख जगाए रखने का कार्य उनके अनुयायी लगातार कर रहे हैं। कबीरधाम से लेकर दामाखेड़ा तक उनके अनुयायियों द्वारा उनकी शिक्षाओं को आत्मसात कर समाज में सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत किया जा रहा है।

संत कबीर ने सदैव सामाजिक कुरीतियों और अंधविश्वासों पर प्रहार करते हुए मानवतावादी समाज के निर्माण की राह दिखाई है। विधायक ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि हम सभी संत कबीर साहेब जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर सामाजिक एकता और सद्भाव को और अधिक सशक्त बनाएं।



## विश्व रक्तदाता दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने किया रक्तदान




**भिलाई।** वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा स्थित प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी के कैडेटों ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान किया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी, दुर्ग एवं जिला चिकित्सालय, दुर्ग के संयुक्त सहयोग से मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से कार्यालय परिसर में ही रक्त संग्रहण किया गया। इस अवसर पर रक्त दे आशा दे थीम पर यूनिट के कमान अधिकारी कर्नल राहुल दुबे ने आमजनों को भी रक्तदान करने का आह्वान किया। रक्तदान शिविर में लगभग 35 एनसीसी कैडेटों के अलावा 15 आमजनों द्वारा भी रक्तदान किया गया।

कार्यक्रम दुर्ग जिला अस्पताल के ब्लड सेंटर के नोडल डॉ. पीकेअग्रवाल, डॉ.फाल्गुनी साहू, डॉ. सूर्यकांत साहू अन्य स्टॉफ में रूपेश सार्पे, टीएस एंथोनी, सूरज, हिमान्शु चन्द्राकर, चन्द्रकला, अशोक मानिकपूरी के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में यूनिट के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल डॉ. राहुल दुबे, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.अमन सिंह, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी, कैप्टन राजकुमार गड़पायले, सूबेदार एन.के.घोष, नायब सुबेदार गगनदीप शर्मा सहित अन्य भी मौजूद थे।

सीए भवन सिविक सेंटर में एक दिवसीय सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ हुए शामिल

## रियल एस्टेट में नियामकीय जटिलताएं और अनिश्चितताएं व्यावसायियों के लिए बड़ी चुनौती, इसका निराकरण जरूरी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** भिलाई सीए ब्रांच द्वारा सीए भवन सिविक सेंटर में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के [illegible] पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ मुख्य अतिथि के [illegible] में उपस्थित रहे। सेमिनार का विषय 360 डिग्री ऑन रियल एस्टेट रहा, जिसमें रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से रियल एस्टेट से संबंधित आयकर, जीएसटी और रेरा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने अपनी बात रखी। स्वागत भाषण सीए भिलाई के अध्यक्ष राजेश कुमार बाफना ने दिया और सचिव प्रभजीत जग्गी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। केंद्रीय परिषद सदस्य पंकज शाह ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में नियामकीय जटिलताएं और अनिश्चितताएं व्यवसायियों के लिए बड़ी चुनौती हैं। उन्होंने इन समस्याओं को दूर करने के संभावित उपायों पर विस्तृत चर्चा की। रेरा विशेषज्ञ सीए विष्णु अग्रवाल ने हाल ही में लागू किए गए नए नियमों और उनके प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे ये बदलाव रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने में मदद




### जीएसटी के पहलुओं पर भी कार्यशाला में मंथन

सीए शेफाली गिरधरवाल ने जीएसटी के विभिन्न पहलुओं की व्याख्या करते हुए बताया कि रियल एस्टेट क्षेत्र में जीएसटी अनुपालन के नियमों को समझना अत्यंत आवश्यक है, जिससे व्यवसाय सुचारू रूप से संचालित हो सके। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य रियल एस्टेट उद्योग में हो रहे परिवर्तनों को समझना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित जनों को रियल एस्टेट क्षेत्र की मौजूदा स्थिति, कर संबंधी जटिलताओं और संभावित अवसरों को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। सेमिनार के दौरान कार्यक्रम के निदेशक बी विश्वनाथ एवं प्रबंध समिति के सदस्य प्रतीक अग्रवाल, तलविंदर सिंह, पूर्व अध्यक्ष मिनेश जैन, अमित राय, नितिन रूंगटा, पीयूष जैन, महावीर जैन, एनके टांक, प्रफुल्ल कोठारी, दीपक जैन, नीरज बाजपेई आदि मौजूद थे।

### फील्ड से जुड़ी चुनौतियों और नई तकनीक पर रखे विचार

कार्यशाला में रियल एस्टेट की बारीकियां बताते हुए नई जानकारी और नई तकनीक के बारे में विचार साझा की गई। इस मौके पर नई जानकारियां शेयर करते हुए बताया कि रियल स्टेट के साथ आर्किटेक्ट फील्ड में बहुत संभावनाएं हैं। सभी विशेषज्ञों ने अपने-अपने क्षेत्र के बारे में विस्तार से बताया और युवाओं को विकसित भारत में सहयोग करने की बात की। साथ ही युवाओं ने भी अपने सुझाव देते हुए विजन बताए जिनको प्रोफेशनल्स ने मोटिवेट किया। इस अवसर पर नई तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी गई। बाजार में उपलब्ध संसाधन, आर्थिक विकास, मार्केट की डिमांड को लेकर भी चर्चा की गई।



## सिटी इवेंट

# गहिरा गुरुधाम में यादवों ने किया पार्षद मनोज सोनी का सम्मान



**दुर्ग।** यादव संघ मित्र द्वारा गहिरा गुरुधाम न्यू दीपक नगर में पार्षद मनोज सोनी का सम्मान किया गया। मनोज सोनी वार्ड-23 से पार्षद हैं। उनके द्वारा सांस्कृतिक भवन ऑफिस कार्यालय के लिए आलमारी दान स्वरूप प्रदान की गई है। इस अवसर पर भगवान कृष्ण की आदमकद प्रतिमा की पूजा-अर्चना की गई। यादव संघ मित्र कल्याण मंडल के अध्यक्ष कमलेश यादव ने सोनी को भगवा गमछा, तिलक श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गहिरा गुरु राजेश यादव, वरिष्ठ समाजसेवी ब्रह्मदत्त यादव, गोवर्धन यादव, उमराव यादव, आलोक यादव, ब्रजेश कुमार यादव, हर्ष हिंद यादव, त्रिवेणी यादव, निशा यादव, सरस्वती यादव, चंचल यादव, जया यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## एजुकेशन लाइव

# आर्किटेक्चर में करियर के लिए बेहतर विकल्प, ट्रेनिंग के लिए पंजीयन शुरू

**भिलाई।** कैड एकेडमी द्वारा संचालित भिलाई, दुर्ग, रायपुर में स्थित सभी 5 अधिकृत ट्रेनिंग सेंटरों में वोकेशनल ट्रेनिंग ग्रीष्मकालीन 2025



हेतु पंजीकरण आरंभ हो चुका है। कैड एकेडमी के डायरेक्टर नितिन पण्ड्या ने आईटीआई, पालीटेक्नीक, बीई, बीटेक, बीआर्च, इंटीरियर डिजाइन की शिक्षा प्राप्त कर रहे सभी छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया है कि वो समय रहते जल्द से जल्द वोकेशनल ट्रेनिंग हेतु अपना पंजीकरण करवाकर हर हफ्ते 15 दिन में प्रारंभ हो रहे नये बैच को जाइन करके अधिकृत ट्रेनिंग प्रोग्राम का फायदा उठाये। ट्रेनिंग समाप्ति के बाद सेंटर पर ही ली जा रही परीक्षा उत्तीर्ण कर वोकेशनल ट्रेनिंग के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त एक अतिरिक्त सर्टिफिकेट प्राप्त कर अपने बायोडाटा का भार बढ़ाए। हालांकि कम्प्यूटर एडड डिजाइनिंग, कम्प्युटर एडड मेन्युफेक्चरिंग और कम्प्युटर एडड इंजीनियरिंग पर आधारित टेक्नीकल साफ्टवेयरों की शिक्षा एवं ट्रेनिंग अन्य सभी शाखाओं जैसे-मेकेनिकल, ऑटोमोबाईल, एयरोनॉटिकल, इलेक्ट्रीकल, इलेक्ट्रानिक्स आदि के लिये भी जरूरी है, लेकिन आज विश्व की चौथे नम्बर की इकोनोमी का दर्जा प्राप्त हमारे देश ने विभिन्न प्रकार के सिविल निर्माण जैसे- छह लेन हाईवे, सी लिंक ओवर ब्रिज, लंबी पहाड़ी सुरंग, अंडर वाटर समुद्री सुरंग, आधुनिक सर्वसुविधायुक्त अंतरराजीय या अंतरराष्ट्रीय बस डिपो, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, समुद्री पोर्ट, मेट्रो, कप्सूल, बुलेट ट्रेन, हंगिग या रूफ टॉप पार्किंग आदि का काम बहुत जोर शोर से चल रहा है। इन सभी साइटों पर अनेक सिविल आर्किटेक्चर प्रोफेशनल्स अधिकारी, सुपरवाइजर वर्कर की आवश्यकता होती है।

## समाज इवेंट

# अहमदाबाद प्लेन हादसे में मारे गए लोगों को क्षत्रिय समाज ने दी श्रद्धांजलि



**भिलाई।** अहमदाबाद में हुए प्लेन हादसे में मारे गए लोगों को क्षत्रिय कल्याण महासभा ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इसे लेकर सेक्टर 7 महाराणा प्रताप भवन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महासभा के सभी पदाधिकारी, सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सम्मानित वरिष्ठ जन शामिल हुए। सभी ने गहरी संवेदना व्यक्त की और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। भिलाई निगम के उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने कहा कि यह हादसा पूरे देश के लिए एक गहरी क्षति है। हम मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हैं। इस कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं। सभा में हादसे में जान गंवाने वाले सभी यात्रियों को श्रद्धांजलि देते हुए दीप प्रज्ज्वलित करके पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया और हादसे से जुड़े पहलुओं पर शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर कौशलेंद्र प्रताप सिंह, गजेंद्र सिंह, शैलेद सिंह, अजीत सिंह, सुरेश सिंह, विजय सिंह, संजय सिंह राठौर, राजेश सिंह, विश्वकर्मा सिंह, मनोज सिंह, बद्रीविशाल सिंह, भगवान सिंह, एसएन सिंह, अतेंद्र सिंह, उदय प्रताप सिंह, धनंजय सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

# कल्याणक दिवस पर भगवान आदिनाथ का अष्टद्रव्य से अभिषेक, श्रीफल अर्पित



**भिलाई।** त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 मंदिर में आदिनाथ भगवान के कल्याणक दिवस मनाया गया। 1008 आदिनाथ भगवान की अष्टधातु की प्रतिमा पर भक्तों ने अभिषेक किया। शांति धारा प्रदीप बाकलीवाल, भारत जैन ने की। इस अवसर पर भक्तों ने अभिषेक पूजन करते हुए आदिनाथ भगवान का जयकारा लगाया। अष्टद्रव्य के साथ श्रीफल अर्पण किया। णमोकार मंत्र के जाप के साथ नमोस्तु किया।

## जिला देवांगन समाज के आयोजन में वैशालीनगर विधायक सेन, कोर्सेवाड़ा और चंद्राकर हुए शामिल

# पंडवानी के पितामह झाड़ूराम की पुण्य स्मृति में 900 से ज्यादा प्रतिभाओं का सम्मान, मंच पर कत्थक और पंडवानी ने जमाया रंग

**भिलाई।** दुर्ग जिला देवांगन समाज के तत्वावधान में पंडवानी के पितामह झाड़ू राम देवांगन की पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर भवन बैकुंठधाम कैम्प -2 में जिला स्तरीय सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। समारोह में शिक्षा सत्र 2024-25 में दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले दुर्ग जिला के सभी समाज के लगभग 900 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इसके अलावा राज्य स्तरीय खेलकूद, कला संस्कृति एवं अन्य विधाओं में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत प्रतिभाओं का भी सम्मान हुआ। समारोह में जिले के विधायक ललित चंद्राकर, रिकेश सेन एवं डोमनलाल कोर्सेवाड़ा सहित सामाजिक प्रतिनिधियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। पुण्य तिथि के अवसर सुबह जेआरडी स्कूल दुर्ग में स्थापित पंडवानी के पितामह झाड़ूराम देवांगन की मूर्ति पर देवांगन समाज एवं अन्य लोगों के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। यहां पर पूर्व विधायक अरुण वोरा ने भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। सम्मान ग्रहण करने हेतु दुर्ग जिला के कोने कोने से सभी समाज के सैकड़ों मेधावी छात्र छात्राएं अपने परिजनों के साथ आए हुए थे। सभी को उनके फोटो युक्त लेमिनेटेड प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी ने देवांगन समाज के द्वारा सभी समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करने की परंपरा को सामाजिक समरसता का श्रेष्ठ उदाहरण बताया और इसकी प्रशंसा की। इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभाओं के सम्मान हेतु देवांगन समाज के द्वारा शानदार व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम कुमार देवांगन, गिरधर देवांगन एवं सरस्वती देवांगन ने किया।





### चेतन देवांगन और उनकी टीम ने पंडवानी गायन पर दी प्रस्तुति

सम्मान समारोह के आरंभ में झाड़ू राम देवांगन जी के अनन्य शिष्य प्रसिद्ध पंडवानी गायक चेतन देवांगन एवं उनकी टीम के द्वारा मंच पर रोचक पंडवानी गायन प्रस्तुत किया गया। समारोह में झाड़ू राम देवांगन के पुत्र कुंजबिहारी देवांगन का शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने पिता की संस्मरण सुनाते हुए उपलब्धियों की जानकारी दी। राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नृत्यांगना विधि देवांगन ने शानदार कथक नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। माता परमेश्वरी के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती की गई साथ ही पंडवानी के पितामह झाड़ू राम देवांगन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### प्रतिभावान लोगों में इनका हुआ सम्मान, जानिए



इस अवसर पर सम्मानित होने वाले प्रतिभाओं में से चार्टर्ड एकाउंटेंट मिथिलेश देवांगन, डॉ. सौरभ देवांगन, जेईई-एडवांस के प्रदेश टॉपर सुविज्ञ देवांगन, प्रसिद्ध नृत्यांगना विधि देवांगन, दसवीं बोर्ड टॉपर वैष्णवी देवांगन, बारहवीं बोर्ड टॉपर अर्पित साहू, पायल राव, नेशनल चैंपियन तनिश साहू ने अपनी शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी संबंधी अपने अनुभव शेयर किए एवं सफलता पाने हेतु उपयोगी टिप्स दिए। कार्यक्रम में कोस्टा-कोस्टी देवांगन समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश देवांगन, प्रदेश संरक्षक धनेश देवांगन वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद देवांगन, झाड़ू राम देवांगन के सुपुत्र कुंजबिहारी देवांगन, छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के अध्यक्ष मेघनाथ यादव, महासचिव लखनलाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, सलाहकार रमेश साहू, दुर्ग जिला अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन, महासचिव धनुष देवांगन, कोषाध्यक्ष राजेंद्र लिमजे, देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, दुर्ग नगर अध्यक्ष राकेश देवांगन, कैंप -2 अध्यक्ष भेदूराम देवांगन आदि उपस्थित थे।

### देवांगन समाज में प्रतिभाओं के सम्मान की पुरानी परंपरा

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि देवांगन समाज के द्वारा सभी समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करने की परंपरा को सामाजिक समरसता का श्रेष्ठ उदाहरण बताया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से उनका उत्साह वर्धन होता है और अन्य को प्रेरणा मिलती है। दुर्ग जिला के मेधावी विद्यार्थियों ने मेरिट में आकर जिला का नाम रोशन किया है। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने कहा देवांगन समाज अपनी रचनात्मक गतिविधियों के कारण अन्य समाज के लिए अनुकरणीय है। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर सम्मान समारोह का आयोजन कर दूरस्थ अंचलों के प्रतिभाओं को सम्मानित करना श्रमसाध्य कार्य है। इसके लिए देवांगन समाज बधाई का पात्र है।





## प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की समीक्षा बैठक

# लाइब्रेरी साइंस, फिजिकल एजुकेशन, सामाजिक कार्य और मनोविज्ञान पर नए कोर्सेस हो रहे शुरू



**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में नए सत्र की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद ने नए पाठ्यक्रम के साथ ही नई योजनाओं पर शिक्षाविदों के साथ विचारमंथन किया। कुलपति डॉ. एके झा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में साइंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह, केंद्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक की प्राध्यापक डॉ. रक्षा सिंह, आईआईटी भिलाई के डॉ संतोष विश्वास, सीजी कॉस्ट के डॉ. संदीप दुबे, एसएसटीसी के डायरेक्टर डॉ. पीबी देशमुख के साथ ही विभिन्न संस्थाओं के डीन एवं विभाग प्रमुख उपस्थित थे। कुलसचिव डॉ. स्मिता सिलेट ने अकादमिक गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने नए सत्र में प्रारंभ हो रहे नए कोर्सेस की जानकारी देते हुए कहा कि पुस्तकालय विज्ञान, फिजिकल एजुकेशन,समाज कार्य,मनोविज्ञान के रोजगारोपयोगी कोर्सेस प्रारंभ किए गए हैं। साथ ही लॉ का पांच एवं तीनवर्षीय कोर्स भी शुरू किया गया है। शोध के क्षेत्र में विश्वविद्यालय में पेटेंट, उच्च स्तरीय शोध पत्रों का प्रकाशन के साथ ही 190 विद्यार्थी शोध कर रहें हैं। उन्होंने बताया कि एनईपी की कक्षाओं का परिणाम भी बेहतर रहा है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नए सत्र के लिए घोषित शैक्षणिक कैलेंडर को विश्वविद्यालय ने भी लागू किया है। शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया है।छात्रवृति योजना, नेक मूल्यांकन, दीक्षांत समारोह आदि की विस्तृत जानकारी दी।

- नए सत्र, नए पाठ्यक्रम पर चर्चा, आगामी कार्ययोजना की दी जानकारी

## सीखे मंत्र और शास्त्रों की ली जानकारी

# वैदिक गुरुकुल दुर्ग के बच्चों एवं शिक्षक से मिले पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ



**भिलाई।** पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ भारत के एक पत्रकार तथा प्रसिद्ध राष्ट्रवादी वक्ता, विचारक, कार्यकर्ता और सार्वजनिक व्यक्तित्व हैं। उनके वक्तव्य श्रोताओं को भारत के इतिहास एवं राजनीति की वास्तविक्ताओं से अवगत कराने के साथ ही उनमे गहरे राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करते हैं। इस क्रम में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का दुर्ग आगमन हुआ। उन्होंने वैदिक गुरुकुल फाउंडेशन के सदस्यों के साथ साथ गुरुकुल के बच्चों से मुलाकात की। बच्चों ने कुलश्रेष्ठ को गुरुकुल में सीखे मंत्रों और शास्त्रों के बारे में बताया, जिसकी पुष्पेंद्र ने सराहना की। उन्होंने बच्चों ओर गुरुकुल परिवार को मार्गदर्शित किया। बताया कि हमें कैसे मजबूती के साथ आने वाली पीढ़ी में संस्कार गढ़ना है, जिससे वो देश सेवा ओर मां भारती का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर गुरुकुल के बच्चों के साथ गुरुकुल प्रभारी आशीष शर्मा, संजय अग्रवाल, गोपाल कृष्ण शर्मा, मेघा राठी, ममता टावरी, पूनम यादव, अनिल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## शिव-हनुमान मंदिर रामनगर में मां अनुसूइया महाराष्ट्र मंडल की महिलाओं ने सुनी कथा

# वटवृक्ष के नीचे ही यमराज ने सत्यवान के प्राण हरे जहां सावित्री ने अपने पति का जीवन दान मांगा

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** मां अनुसूइया महाराष्ट्र मंडल की महिला सदस्यों ने वटसावित्री कि पूजा शिव-हनुमान मंदिर रामनगर में बड़े ही हषोल्लास के साथ की। इस दौरान उन्होंने कथा सुनी। कथा के अनुसार सावित्री राजा अश्वपति कि पुत्री थी। उसका विवाह राजा धृमत्सेन के बेटे सत्यवान के साथ हुआ था। विवाह के पहले ही नारद ने सत्यवान की अल्प आयु होने की भविष्यवाणी की थी। फिर भी सावित्री ने सत्यवान के प्रेम में राजसी वैभव त्याग कर सत्यवान से विवाह किया। इसके बाद वह पति के साथ वन में रहने लगी। महाप्रयाण के दिन सत्यवान जंगल में लकड़ी लाने जाने लगे, तो सावित्री ने जिद किया और वह भी साथ चली। लकड़ी काटते समय सत्यवान को मूर्छा आई और वह गिर पड़े। सावित्री ने अपने गोद में सत्यवान सिर रखा और होश आने की कोशिश करने लगी। उसी समय यमराज वहां पहुंचे। सावित्री के गोद में सर होने के कारण सत्यवान के प्राण हरना यमराज के मुश्किल था। उसी समय सत्यवान ने पानी मांगा। जैसे ही सावित्री पानी लाने गई।



### सावित्री पति के प्राण लौटाने यमराज के पीछे भागी, विरह करने लगी

सावित्री ने देखा पति के प्राण यमराज लेके जा रहे हैं, तो सावित्री यमराज के पीछे-पीछे जाने लगी। पति के प्राण मांगने लगी। यमराज के मना करने पर भी वापस नहीं लौटी। यमराज ने सावित्री से कहा पति को छोड कर तुम तीन वचन मांग लो। सावित्री ने अपनी दृष्टिहीन मां-बाप के लिए नेत्र की ज्योती मांगी। गया हुआ राजपाट मांगा। तीसरा वचन बात-बात में सौ पुत्र मांगे। यमराज ने तथास्तु कहा। यमराज को एहसास हो गया कि बात-बात में तथास्तु कहा। अब सत्यवान को ले जाना संभव नहीं है। इस प्रकार यमराज ने सत्यवान के प्राण लौटा दिए।

**वटवृक्ष की पूजा अनंतकाल से, यह हर परेशानी हरने वाला:** पंडितों की मानें तो वटवृक्ष की पूजा अनंतकाल से होते आ रही है। यह हर परेशानी को हरने वाला है। सावित्रा और सत्यवान की कथा हमें इस बात को ही समझाना का प्रयास है। यमराज ने सावित्री को अखंड सौभाग्यवति होने का आशीर्वाद भी दिया, इसके बाद वे अंतरध्यान हो गए। सावित्री सत्यवान को लेकर वटवृक्ष के नीचे बैठी रही। ये वटवृक्ष की पूजा पूर्णिमा के दिन सुहागन महिलाएं पति की दीर्घायु की कामना के लिए करती हैं। पति को निरोगी रखने और घर में सुख-शांति बने रहने के लिए इस दिन उपवास भी रखा जाता है।

### वटवृक्ष पर लपेटा रक्षासूत्र, एक-दूसरे को लगाया हल्दी-कुमकुम

इस अवसर पर वटवृक्ष में रक्षासूत्र लपेटा गया। पांच प्रकार के धान्य, मौसमी फल अर्पित कर पूजा की गई। सुहागन महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर पल्लू में गेंहु व मौसमी फल आम की ओली भरी। इस अवसर पर कल्पना, रेखा, वनश्री, सरोज, पल्लवित, सुरेखा, अर्चना, भारती उज्वने, अर्चना नखाते, नीलिमा, मीना, पूनम, शोभा, दीपा, अध्यक्षा नंदा शेगोकर, मंदाताई कामीनकर सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### मानस संगोष्ठी आज

**पाटन।** दुर्ग जिला अंतर्गत तहसील मानस संघ पाटन के मानस शक्ति केंद्र खम्हरिया द्वारा ग्राम देवादा में 15 जून को "भक्ति सागर मानस संगोष्ठी" का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर पूरे गांव में भक्तिरस और श्रद्धा का वातावरण व्याप्त है। संगोष्ठी का शुभारंभ प्रातः 10 बजे दीप प्रज्वलन एवं उद्घाटन होगा। इस अवसर पर जिला मानस संघ दुर्ग के अध्यक्ष मेहत्तर वर्मा, तहसील मानस संघ पाटन के अध्यक्ष टीकाराम साहू, ग्राम पंचायत देवादा सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा, तथा उपसरपंच सोहन साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य नीलम राजेश चंद्राकर होंगे। जनपद अध्यक्ष पाटन कीर्ति नायक, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, ग्राम पंचायत झीट सरपंच रूपेन्द्र (राजू) साहू एवं कुर्मीगुडरा समिति प्रबंधक बीरेंद्र ठाकुर भी शामिल होंगे।

### विमोचन समारोह आज

**पाटन।** हिंदी साहित्य समिति पाटन के बैनर तले काव्य विमोचन समारोह का आयोजन किया गया है। पांहदा पाटन के निवासी रिटायर्ड प्राचार्य शिवकुमार यादव का काव्य संग्रह सपनों के स्वर का विमोचन 15 जून को स्वामी आत्मानंद ऑडिटोरियम आत्मानंद चौक पाटन में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर निवासी प्रोफेसर अनिल कालेले, रंगकर्मी नाट्य निर्देशक एवं साहित्यकार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले करेंगे। विशेष अतिथि हिंदी एवं मराठी साहित्यकार प्रसन्न निमोन कर रायपुर, महाराष्ट्र मंडल रायपुर के अध्यक्ष अजय काले, एवं पाटन नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप की उपस्थिति रहेगी। अध्यक्ष हेमंत देवांगन, सचिव भास्कर सावर्णी, विशेष सलाहकार योगेश शर्मा एवं वरिष्ठ सदस्य गंगा दीन साहू होंगे।

### एसएसपी ने लिया थानों की समीक्षा बैठक

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर 6 में दुर्ग अनुविभाग के सभी थाना और चौकी प्रभारी का समीक्षा बैठक लिया। इस दौरान विवेचकगण को लंबित अपराध, मर्ग, गुमइंसान, शिकायत आवेदनों का तुरंत निराकरण करने का निर्देश दिया। मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने, ऑपरेशन तलाश के तहत अधिक से अधिक गुम इंसानों को खोजने को लेकर निर्देशित किया।

## निधन

### दिनेश चौधरी

**भिलाई।** भिलाई सेक्टर-1 निवासी दिनेश चौधरी उम्र 55 साल का बीती रात सेक्टर-9 हॉस्पिटल में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार को सेक्टर-1 क्रॉस स्ट्रीट 1 ब्लॉक नंबर 26 ए क्रॉस रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे निमोह चौधरी, आरव चौधरी के पिता व मनोज चौधरी के बड़े भाई थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।



## मानसून के रुख को देखकर किसान असमंजस में, नहीं हो रही बारिश

# आषाढ़ लगने के बाद भी बारिश के आसार नहीं, बेमन से खेती में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

*सभी काम करने वाले लोगों में किसान ही एक ऐसा व्यक्ति होता है जो प्रकृति के साथ जुझता है लेकिन प्रकृति के लिए भी रचमात्र शिकायत उसके मन में नहीं रहता है बल्कि वह प्रकृति के चीजों को ही भगवान मानता है और विभिन्न तिथि त्योंहारो में उनकी प्रतिवर्ष पूजा करता है। सामान्य तरीके से कहे तो प्रकृति के साथ लड़ने की ताकत रखने वाला किसान ही होता है।*

जेठ महीने में जहां बोनी के लायक वर्षा हुआ और विभिन्न समाचारों के माध्यम से मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने कहा कि छत्तीसगढ़ के दंतेवाडा तक मानसून आ चुका है। किसानों की खुशी हुई कि इस बार वर्षा समय से पूर्व आ गया है। किसानों के ऊपर मेहरबान है लेकिन अब जेठ माह बितने के साथ और आषाढ़ माह लगने के बाद मानसूनी वर्षा का कही अता पता नहीं है बल्कि स्थानीय सिस्टम बन जाने से कही-कही खंड वर्षा के रुप में बरसात हो रही है लेकिन जिले के किसान अब असमंजस में है कि धान की बोनी शुरु करें की नहीं है। मानसन वर्षा कब तक होगी यह दुविधा किसानों के मन में बनी हुई है बल्कि ज्यादा पानी के आवक वाले खेतों में किसानों ने धान की बोनी शुरु कर दी है लेकिन बाकी किसान अभी मानसूनी वर्षा के इंतजार में है स्वयं की पानी की व्यवस्था वाले किसान बीज का थरहा भी डाल चुके है। पर्याप्त मानसूनी वर्षा नहीं होने की स्थिति में भी रोपा लगाने का कार्य नहीं हो सकता है।



### खाद, बीज व नगद राशि लेकर खेती करने तैयार है किसान

खरीफ फसल लेने के पूर्व खाद बीज नगदी उठाव समिति के माध्यम से कृषक अप्रैल माह से लेना शुरु कर दिए हैं। किसानों को एक साथ सभी खाद व बीज नहीं मिलने से किसान खाद बीज आने का इंतजार करके खाद बीज खरीद रहे है। किसानों को खरीफ फसल में सबसे अधिक बीजों में 1001, आईआर 64, स्वर्णा ,1010 ,एचएमटी एवं खाद में यूरिया पोटाश डीएपी व राखड खाद खरीद कर खेती करने की तैयारी कर लिये है। सेलूद समिति के अंतर्गत किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राम ढौर व पतोरा में अतिरिक्त गोदाम की व्यवस्था कर खाद बीज बांटा जा रहा है। जिससे ढौर व पतोरा के किसानों को खाद बीज मिलने में सहुलियत होने की बात किसानों ने कही है।किसान अब परम्परागत खेती से हटकर आधुनिक खेती की ओर अग्रसर हो चुके है बैलगाड़ी की बजाय अब ट्रेक्टर के माध्यम से घुरवा, खाद खेतों में डालते है। वहीं एकतीस सौ रुपये समर्थन मूल्य होने से छोटे बड़े मंझोले सभी किसान का कृषि के क्षेत्र में रुझान बढ़ा है।

## आयुक्त ने बंद फौव्वारे को चालू करने दिए निर्देश

**भिलाई।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, एम.आई.सी. सदस्य लक्ष्मीपति राजू, जोन आयुक्त कुलदीप कुमार गुप्ता के साथ नगर निगम भिलाई के जोन क्रमांक 5 क्षेत्र के उद्यानों एवं वाटर एटीएम का निरीक्षण किए। वार्ड 7 स्थित सड़क 8-9 उद्यान में स्थापित फाउंटेन संधारण एवं अन्य मरम्मत कार्य के लिए उप अभियंता को निर्देशित किए। शिव धाम तालाब उद्यान की साफ-सफाई व्यवस्था को बनाये रखते हुए बारिश से पूर्व अवांछित खरपतवार एवं डालियों की कटाई-छटाई कराने हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये।

ओवरब्रिज के बगल में लगे उद्यान में भी फौव्वारा स्थापित है, जो वर्तमान में बंद है। उपस्थित जोन आयुक्त और उप अभियंता को संधारण कर शीघ्र चालू कराने निर्देशित किए, जिससे रोड साइड स्थित उद्यानों की सुंदरता और आकर्षकता बरक़रार रहे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह आदि मौजूद थे।

## नपा अध्यक्ष ने जामुल अटल परिसर का किया निरीक्षण

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में अटल परिसर का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। जिसका निरीक्षण नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया। निरीक्षण अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि अटल परिसर सिर्फ निर्माण कार्य ही नहीं है, बल्कि यह एक संदेश है कि सरलता एवं सुगमता के साथ जनता को हर उस योजना का लाभ मिले। जिसके लिए सरकारें बनती है इसके माध्यम से अंतिम छोर के व्यक्ति को, क्षेत्र में विकास कार्य संपादित हो। जिसकी अपेक्षा हर वर्ग के लोग करते हैं। पालिका क्षेत्र जामुल में तीस लाख रूपये के लागत से वार्ड 13 में अटल परिसर का निर्माण कार्य किया गया है, जो पूर्णतः




की ओर है। निरीक्षण पर जलकार्य प्रभारी रामदुलार साहू, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति प्रभारी चुम्मन वर्मा, पार्षद दीपक गुप्ता, उप अभियंता सचिन भागवत मौजूद थे।

## पर्यावरण प्रेमी युवाओं ने श्रमदान कर पेड़ पौधों का किया देखभाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

खबरनामा ग्रुप के द्वारा धान खरीदी केन्द्र में लगाये गये पौधों का बरसात पूर्व देखभाल किया गया। साथ ही खबरनामा ग्रुप पाटन विधानसभा के अभिनव पहल के अंतर्गत खबरनामा ग्रुप के सम्मानित सदस्य

- **श्रमदान कर टहनियों की छटाई व जड़ों में कोड़ा लगाकर दिया खाद**

व जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के उपाध्यक्ष, पूर्व जनपद सदस्य उमाकांत चन्द्राकर, ग्राम मोहभट्ठा के जन्मदिन पर बरगद के पौधे का रोपण किया गया। पंचायत द्वारा लगाए गए मजूदरों के साथ मिलकर खबरनामा ग्रुप के साथियों ने मिलकर पेड़ पौधों के अवांछित टहनियों की कटाई-छटाई व जड़ो में



कोड़ा लगाकर खाद दिया गया। जिससे बरसात में पौधों को बढ़ने में सहायक होगा। पंचायत द्वारा लगाए मजदूरों के साथ मिलकर श्रमदान करते हुए पर्यावरण संरक्षण में सहयोग किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, सरपंच खिलेश मारकंडे, हेमंत कपूर, अनुविभागिय पत्रकार संघ पाटन के अध्यक्ष किशन हिरवानी, पूर्व पंच रवि पटेल, बीबीटी बीएल वर्मा, अर्जिनविस, शंभुदयाल बंछोर, बलराम वर्मा, झम्मन यदु, राजा चंद्राकर, डेविड चंद्राकर, विनय ठाकुर, अजय सिंह राजपूत, रूपेंद्र प्रसाद, चंद्रिका बंजारे, हल्लू यदव, दयालु ठाकुर, पुरानिक वर्मा, रोहित शिवारे, टेमू साहू, सुनीता ठाकुर, रूक्मणी भुनेश्वरी, पूर्णिमा ठाकुर, पार्वती ठाकुर, ज्योति यादव उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### चावल उत्सव मनाया ग्राम महुदा में




**सेलूद।** ब्लॉक के ग्राम पंचायत महुदा में 3 माह का जून से लेकर अगस्त तक चावल वितरण किया गया। इसकी उपलक्ष्य में चावल वितरण उत्सव मनाया गया। जिसमें ग्राम पंचायत महुदा के जनपद, सरपंच व वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। शनिवार को शासकीय उचित मूल्य की दुकान ग्राम महुदा में जनप्रतिनिधि राशन विक्रेता, हितग्राहियों के साथ चावल उत्सव मनाया गया। जिसमें सरपंच रेणुका गजेंद्र, जनपद प्रतिनिधि राकेश साहू, पंच भागवत पटेल, हितेंद्र चंद्राकर, आकाश साहू आदि मौजूद थे।

### ठेठवार यादव समाज के विजय बने अध्यक्ष



**सेलूद।** ठेठवार समाज पाटन राज गाड़ाडीह परिक्षेत्र का त्रिवर्षीय चुनाव शनिवार की सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्व सम्मति से सभी पदाधिकारियों को पूर्ववत रखा जाने का निर्णय हुआ। पदाधिकारियों में अध्यक्ष विजय यदु मर्रा, उपाध्यक्ष- गोरेलाल यादव गाड़ाडीह, कोषाध्यक्ष ईश्वर यादव सिर्री, सचिव धरम सिंह यादव काशीडीह, सहसचिव रमेश यादव कोसा बनाए गए। बैठक में विजय यदु, धरम सिंह, विनय यादव, नंदलाल ,गैंद राम, बिसनाथ यादव, ईश्वर लाल यादव, संतोष कुमार यादव, बनवाली यदु, विष्णु राम, मिश्रीलाल उपस्थित थे।




## सिलसिलेवार गिनाई केन्द्र सरकार की उपलब्धियां

# केंद्र के 11 साल में कराए गए कामों की उपलब्धियों को गिनाने हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि केन्द्र मोदी सरकार की 11 साल का कार्यकाल स्वर्णिम रहा है। यह कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है। इस कार्यकाल में कई बड़े संकल्प लिए गए। जो संकल्प सिद्धि की ओर आगे बढ़े है। केन्द्र सरकार द्वारा अनेक योजनाओं और महत्वपूर्ण निर्णय से 11 साल के कार्यकाल में देश को संवारने कार्य किया गया है। मोदी सरकार की हर योजना के केन्द्र में जन कल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने साथ-साथ देश को वैश्विक स्तर पर नया आयाम देने की भावना रही है। बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने न केवल देश की सीमा सुरक्षित की, बल्कि अर्थव्यवस्था को मजबूत किया और टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाया। उक्त बाते दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मरोदा–पुरैना मंडल के रिसाली मां कल्याणी शीतला मंदिर भवन में आयोजित संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित भारत का अमृतकाल – सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर अपने विचार भी साझा किए।



### जल्द होगा देश माओवाद से मुक्तः सोनी

मुख्य वक्ता जिला भाजपा कार्यालय मंत्री मनोज सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त निर्णय के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों व एयरबेस को ध्वस्त कर यह दिखा दिया कि अब मोदी का यह नया भारत सिर्फ शांति की बातें नहीं करता है, बल्कि घर में घुसकर आतंक को मिट्टी में मिला देता है। भारत अब न केवल आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति के रुप में उभरा है, बल्कि रक्षा उपकरणों का निर्यात करने वाला देश भी बन गया है। नक्सलवाद पर पीएम मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ समेत देशभर में जिस तरह से कार्यवाही हो रही है। उससे जल्द देश माओवाद से मुक्त हो जाएगा।इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, एमआईसी सदस्य निलेश अग्रवाल, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राकेश राजू जंघेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेंडे, पार्षद विधि यादव, पार्षद सरिता देवांगन, ईश्वरी साहू, गजेंद्री कोठारी, ममता नवीन सिंह, राजू राम, रोहित चंद्राकर, सांध्य वर्मा, शेष जांगड़े, पुनाराम, पूनमचंद सपहा, डामन सर्वा, राजेंद्र यादव, गैंद लाल रंजन सिन्हा, संतोष कुशवाहा, दिलीप सोनी, योगेश महिपाल, उपेंद्र रिगरी, व्यास नारायण वर्मा, धनुष यादव, विद्या देवी, आरती पाण्डे, माला सिंह आदि मौजूद थे।




# मज़बूत हैं पिता, उन्हें सख़्त किसने कहा ?

"वो कोमलता नहीं जानते, लेकिन बच्चे को पूरी एतमाद भरी गोद देते है। मुलायम आवाज़ में बात नहीं कर सकते, लेकिन उनके लहजे में हमेशा आश्वस्ति होती है। घर से बाहर जाते वक्त कोई बच्चा उनकी तरफ़ पलटकर नहीं देखता, लेकिन उनकी निगाह से बच्चे की परवाह कभी ओझल नहीं होती।"

**वो पिता** जिन्हें बच्चे तब समझते हैं, जब ख़ुद अभिभावक बन जाते हैं। जो हर बच्चे की दुनिया का आसमान हैं, उनके लिए सुरक्षा की छत हैं, वो पिता क्यों अबूझे रहते है ?







एक समय आता है जब जीवन की जद्दोजहद, पिता के मन के अनकहे जज्बात समझना भी सिखा देती है। तब पिता के स्नेह का हर लम्हा समझ में आ जाता है। और तब खुद अभिभावक बन चुके बच्चे पिता के कंधों पर हाथ रखकर खिलखिला उठते है। पिता की भूमिका, बच्चों की खुशी में मुकम्मल हो उठती है।

वो वक्त काश, बच्चों के छुटपन में ही आए और बना रहे। पिता अबूझे ना रहें। उनके हिस्से के स्नेह का प्रतिसाद उन्हें खुलकर और कई गुना बढ़कर मिले।

## हर पीढ़ी का क़िस्सा

**पिता** को उतना समय भी नहीं मिलता कि बच्चों से अपना स्नेह जता सके। हर रोज शाम को घर लौटने पर रोज़गार की, कामकाज की थकान जब तक कुछ कम हो पाए, बच्चे सो चुके होते है। जो बच्चों के दिनचर्या की खुशियों, छोटी-छोटी पीड़ाओं में साथ नहीं होता, उस पिता के लिए सप्ताह में एक-दो दिन ऐसा क्या करूं कि बच्चे खुश हो जाएं, की जद्दोजहद् में केवल बाहर घुमने ले जाना या कोई खेल खेलना ही मुमकिन होता है। मन के तार जोड़ने के लिए वह वक्त कम पड़ता है। स्नेह स्पर्श की कमी बच्चे बचपन में पूरी नही कर पाते।







## मज़बूत बने रहने का दायित्व

**पिता** के कम शब्द और गहरी आवाज अक्सर बच्चों को अहसास कराती है कि वे बच्चों को समझते ही नहीं। अनुशासन और सधे हुए संवाद का यह भाव चिंता के उस भाव को ढंक देता है, जो पिता के मन में हर वक्त चलता है। परिवार के मुखिया की भूमिका निभा रहे पिता को हर हाल में मजबूत बने रहना होता है। कैसी विडम्बना है पिता के जीवन की, कि बच्चे को बाहों के झूले का आनंद देने के लिए मन को कोमल नही कर सकता, बच्चे को संभालने के लिए मजबूत हाथ जो देने है। बच्चों को भी पिता की सुरक्षा के घेरे से मिली बेफ़िक्री याद रहती है, उसे बनाने वाले पिता के प्यार का अहसास समझ में नहीं आता।





